पर्चा डिक्री

न्यायालय : सहायक कलक्टर (फास्ट-ट्रैक) भादरा, जिला हनुमानगढ़

पीठासीन अधिकारी : श्रीमती शकुन्तला चौधरी आरएएस

प्रकरण सं0 : 218/2022

अनवान :

ओम प्रकाश पुत्र बनवारी जाति कुम्हार निवासी जाटान तहसील भादरा।

:– वादी

बनाम

1. बनवारी पुत्र गुगन राम जाति कुम्हार निवासी जाटान तहसील भादरा।
2. पूनम चन्द पुत्र बनवारी जाति कुम्हार निवासी जाटान तहसील भादरा।
3. कौशल्या देवी पुत्री बनवारी पत्नी फूलाराम जाति कुम्हार निवासी जाटान तहसील भादरा हाल मिठडी पट्टा ददरेवा तह0 राजगढ जिला चुरू।
4. सुमित्रा पुत्री बनवारी पत्नी महेन्द्र सिंह जाति कुम्हार निवासी जाटान हाल गदरा तहसील भादरा।
5. लीला बती पुत्री बनवारी पत्नी साधुराम जाति कुम्हार निवासी जाटान तहसील भादरा हाल दौलतपुर तहसील व जिला फतेहाबाद।
6. भतेरी पुत्री बनवारी पत्नी रणजीत जाति कुम्हार निवासी जाटान तहसील भादरा हाल दौलतपुर तहसील व जिला हिसार।
7. राजबाला पुत्री बनवारी पत्नी राजेन्द्र जाति कुम्हार निवासी जाटान तहसील भादरा दौलतपुर तहसील व जिला हिसार।
8. सावित्री पुत्री बनवारी पत्नी रामकरण जाति कुम्हार निवासी जाटान हाल गदरा तहसील भादरा।
9. बैंक एसबीआई शाखा बस स्टैण्ड भादरा जरिये शाखा प्रबंधक भादरा।
10. राजस्थान सरकार जरिए तहसीलदार (राजस्व) भादरा।

:– **प्रतिवादीगण**

आज यह वाद मुझ शकुन्तला चौधरी सहायक कलक्टर फास्ट–ट्रैक भादरा के समक्ष वकील वादी श्री पूनमचंद वर्मा एवं वकील प्रतिवादीगण श्री अक्षय कुमार की उपस्थिति में निर्णय हेतु प्रस्तुत होने पर एवं वाद वादी साबित होने के कारण मुताबिक राजीनामा डिक्री किया जाता है तथा घोषणा की जाती है कि रोही मौजा जाटान के खाता सं0 82/76 के खसरा सं0 133/2 की 3.3510है0, खसरा सं0 159/2 की 3.2500है0 कुल खसरा 2 की 6.6010है0 बारानी कृषि भूमि प्रतिवादी सं0 1 बनवारी के नाम दर्ज वाद भूमि में प्रतिवादी सं0 1 बनवारी की बजाए वादी ओम प्रकाश व प्रतिवादी सं0 2 पूनम चंद को बहिस्सा बराबर के खातेदार घोषित किये जाते हैं। चूंकि प्रतिवादी सं0 1, 3 ता 8 ने अपना हक हिस्सा वादी व प्रतिवादी सं0 2 के पक्ष में त्याग कर शून्य कर लिया है। यदि कृषि भूमि बैंक के रहन है तो रहन मुक्त होने के उपरान्त ही उपरोक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में दर्ज कर रिकार्ड दुरूस्त किया जावे। खर्चा वाद उभय पक्ष अपना अपना वहन करे।

यह आंशिक पर्चा डिक्री आज दिनांक 30.12.2022.. को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

सहायक कलक्टर
(फास्ट ट्रैक) भादरा
(शकुन्तला चौधरी)
R.A.S.
सहायक कलक्टर (फास्ट-ट्रैक)
भादरा, जिला हनुमानगढ़

Scanned with CamScanner